नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से

जय श्रीराम

हनुमान जयंती की शुभकामनाएं

# देश में जनगणना शुरू

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दर्ज किए विवरण

### केंद्रीय गृह मंत्री ने भी दर्ज की जानकारी



**नई दिल्ली 01 अप्रैल (वार्ता) विश्व के सबसे बड़े जनगणना अभियान 'जनगणना-2027' के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की बुधवार से शुरुआत हो गई. यह पूरी तरह डिजिटल डेटा कैप्चर के साथ स्व-गणना की सुविधा वाली भारत की पहली जनगणना है.**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनगणना 2027 के लिए स्व-गणना पहल में भाग लिया और अपने अपने आवास संबंधी जानकारी दर्ज की. राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति भवन में जनगणना 2027 के लिए सरकार की स्व-गणना पहल में भाग लिया. उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन और पीएम मोदी ने भी अपने आवासों पर अपने अपने विवरण दर्ज किए. उन्होंने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए फॉर्म में विवरण दर्ज करने के फोटो भी साझा किए. प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैंने अपनी स्व-गणना पूरी कर ली है. यह पहली बार है जब जनगणना के लिए डेटा संग्रह डिजिटल माध्यमों से किया जा रहा है. यह भारत के लोगों को अपने घर-परिवार का विवरण स्वयं दर्ज करने का अधिकार भी देता है. मैं भारत के लोगों से अपील करता हूं कि वे अपने घर-परिवार का विवरण स्वयं दर्ज करें.

#### कैसे करें ऑनलाइन एंट्री?

सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल https://se.census. gov.in पर जाएं. अपने मोबाइल नंबर से लॉगिन करें. पोर्टल पर मौजूद नक्शे पर अपने घर की लोकेशन मार्क करें. परिवार की पूरी जानकारी भरें और सबमिट कर दें. सबमिट करते ही आपको 16 अंकों की एक सेल्फ-एन्युमरेशन आईडी मिलेगी. इससे जब बाद में जनगणना कर्मचारी आपके घर आएगा, तो आपको बस उसे यह आईडी दिखानी होगी. इससे न तो आपको लंबे सवाल-जवाब करने होंगे और न ही कर्मचारी का ज्यादा समय खर्च होगा. आप घर-घर सर्वे शुरू होने से 15 दिन पहले तक यह काम कर सकते हैं. उदाहरण के लिए, दिल्ली में अगर सर्वे 16 अप्रैल से शुरू है, तो आप 1 से 15 अप्रैल के बीच खुद जानकारी भर सकते हैं.

### एक नजर में



#### लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ बने सेना के उप प्रमुख

**नई दिल्ली.** लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने भारतीय सेना के उप प्रमुख (वीसीओएएस) का पदभार ग्रहण कर लिया. वे खड़कवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और दिसंबर 1986 में बख्तरबंद कोर में कमीशन प्राप्त किया था. करीब चार दशकों के सैन्य करियर में उन्होंने विभिन्न भू-भागों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेवा दी है. इसमें आतंकवाद-रोधी अभियानों का भी व्यापक अनुभव शामिल है, खासकर जम्मू-कश्मीर में. उन्होंने रेगिस्तानी क्षेत्र में बख्तरबंद रेजिमेंट, विकसित क्षेत्र में बख्तरबंद ब्रिगेड और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी बल की कमान संभाली है.

#### होर्मुज से एलपीजी लेकर दो टैंकर भारत पहुंचे

**नई दिल्ली.** मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है. यूएई से एलपीजी लेकर आए दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार करके सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए हैं. पहला टैंकर बीडब्ल्यू टीवाईआर 31को मुंबई पहुंचा. यह जहाज यूएई के रास अल खैमाह से चला था और करीब 6 दिन में भारत पहुंचा. दूसरा टैंकर बी डब्ल्यूईएलएम 1 अप्रैल को न्यू मैंगलोर के पास पहुंचा.

#### अब बदल सकेंगे अपना जीमेल यूजर नेम

**कैलिफोर्निया.** गूगल ने घोषणा की है कि जीमेल यूजर अब अपने अजीब से यूजरनेम को आसानी से बदल सकते हैं और उपलब्ध नामों में से मनपसंद नाम चुन सकते हैं. गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने अपने आधिकारिक एक्स एकाउंट पर इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा, 2004 एक अच्छा साल था, लेकिन पुराने जीमेल एड्रेस पर ही अटके रहने का कोई कारण नहीं है. उन्होंने कहा कि यूजर अब सेटिंग में जाकर उपलब्ध नामों में से अपना पसंदीदा नाम चुन सकते हैं. उन्होंने कहा कि यूजर दोनों नामों को भी रख सकते हैं और दोनों से लॉग इन कर सकते हैं.

### गुस्ताखी माफ





# स्कूलों में नामांकन 19 .6% बढ़ा

## राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा

**1.45** करोड़ नामांकन मौजूदा सत्र में करने का लक्ष्य

**369** भव्य सांदीपनि विद्यालयों की प्रदेश में हुई शुरुआत

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 1 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक स्कूल चले हम, अभियान चलेगा और बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय स्कूलों में ड्रॉप आउट की संख्या शून्य करने पर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी.**

उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे वर्ष 2025-26 में कुल नामांकन में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है. प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में भी 32.4 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। यह शासकीय स्कूलों पर बढ़ते विश्वास का परिचायक है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में राज्य स्तरीय प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर बच्चों को निःशुल्क साइकिलें और पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मौजूदा सत्र में स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य रखा है. प्रदेश में 369 भव्य सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है,

(शेष पेज 12 पर)

# 995 .75 करोड़ की संपत्ति होगी जब्त

**मो. इकबाल भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित**

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल (वार्ता) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ की विशेष पीएमएलए अदालत ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के तहत मोहम्मद इकबाल को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर दिया है.**

अदालत ने आरोपी की करीब 995.75 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त करने का आदेश भी दिया. इन संपत्तियों में तीन शुगर मिल शामिल हैं, जो डायनेमिक शुगर्स प्राइवेट लिमिटेड, हनीवेल शुगर्स प्राइवेट लिमिटेड और मैलो इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से संचालित थीं. अदालत ने पाया कि मोहम्मद इकबाल आपराधिक मुकदमे से बचने के लिए भारत छोड़कर दुबई में रह रहा है और वापस आने से इनकार कर रहा है. विशेष अदालत ने 24 नवंबर 2025 को मोहम्मद इकबाल के खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया था. वहीं, संबंधित कंपनियों द्वारा अधिनियम की धारा 10(2) के तहत दायर आपत्तियों को अदालत ने खारिज कर दिया. ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत शुरू की थी, जो केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की लखनऊ एसीबी शाखा द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर थी.

> अदालत ने माना कि जब्त की गई संपत्तियां अपराध की आय की श्रेणी में आती हैं. ये संपत्तियां पहले ही पीएमएलए के तहत अस्थायी रूप से कुर्की की जा चुकी थीं, जिसकी पुष्टि 28 जुलाई 2025 को निर्णायक प्राधिकरण द्वारा की गई थी. विशेष पीएमएलए न्यायाधीश राहुल प्रकाश ने आदेश दिया कि संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आगे बढ़ेगी. इसके साथ ही आरोपी से जुड़ी तीनों शुगर मिलों को जब्त करने का निर्देश दिया गया.

# ईरान युद्ध के बीच सीसीएस की बैठक

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की अध्यक्षता**

**पश्चिम एशिया में हालात की समीक्षा**



**नई दिल्ली, 01 अप्रैल. दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम 7 बजे कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक हुई. इसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत में मौजूदा हालात की समीक्षा की गई.**

मीटिंग में अमित शाह, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव, मनोहर लाल खट्टर, प्रल्हाद जोशी, किंजरापु राममोहन नायडू और हरदीप सिंह पुरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल रहे.

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, पीएम के प्रमुख सचिव पीके मिश्रा और शक्ति कांत दास और कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन भी मीटिंग में शामिल हुए. इस दौरान आम लोगों की जरूरी जरूरतों जैसे खाद्य, एलपीजी और पेट्रोल-डीजल उपलब्धता पर चर्चा की गई. बता दें कि पिछले 10 दिनों के भीतर सीसीएस की यह दूसरी मीटिंग है. इससे पहले 23 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीसीएस मीटिंग की अध्यक्षता की थी. इसमें भारत पर पश्चिम एशिया में संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों का आकलन किया था.

## अनिल अंबानी पर नया केस दर्ज

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल (वार्ता)** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस, अनिल अंबानी और अन्य लोगों के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया है. सीबीआई ने बुधवार को बताया कि इन लोगों पर भारतीय जीवन बीमा (एलआईसी) को 3,750 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है. यह प्राथमिकी एक अप्रैल को एलआईसी से मिली एक शिकायत के आधार पर दर्ज की गई है. शिकायत में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, गबन और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए गए हैं.

## गांदरबल में मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई. अरहामा इलाके में हुई इस कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है. भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर यह संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया था. सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि इलाके में 2 से 3 आतंकी छिपे हो सकते हैं, जिसके बाद पूरे क्षेत्र की घेराबंदी की गई. जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने अरहामा के संदिग्ध ठिकानों की घेराबंदी शुरू की, तो वहां छिपे आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी थी.

# 47 लाख आपत्तियों का निपटारा

- **पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण का मामला**
- **सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट ने दी जानकारी**

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल.पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि 60 लाख में से 47 लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है.**

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अदालत को बताया गया कि हर दिन करीब 1.75 लाख से 2 लाख आपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है और 7 अप्रैल तक सभी आपत्तियों का निपटारा कर लिया जाएगा. वहीं, ममता बनर्जी की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की दर काफी अधिक है और यह करीब 45 प्रतिशत तक पहुंच गई है. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रिब्यूनलों को अपना काम करने दिया जाए, जिससे वे मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने से जुड़े मामलों का निपटारा कर सकें. अदालत ने कहा कि राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार 100 प्रतिशत नाम शामिल करने या हटाने की मांग कर सकते हैं.

## ट्रक-टेम्पो की टक्कर में 8 महिलाओं की मौत

**जालना, 01 अप्रैल.** महाराष्ट्र के जालना जिले में नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार शाम तेज रफ्तार ट्रक ने एक टेम्पो को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में 8 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं. घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है. सभी पीड़ित मजदूर हैं. हादसा कडवांची गांव के पास तब हुआ जब महिला मजदूर एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम खत्म कर टेम्पो से घर लौट रही थीं. टेम्पो स्टार्ट होने ही वाला था कि मुंबई की ओर जा रहे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और शव सड़क पर बिखर गए.

# बिना समझौते युद्ध होगा खत्म : ट्रंप

**वॉशिंगटन, 01 अप्रैल (वार्ता) यूएस-इजराइल और ईरान के बीच जंग को 32 दिन बीत चुके हैं. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि ईरान के साथ चल रहा युद्ध जल्द समाप्ति की ओर बढ़ सकता है. उन्होंने कहा कि इस संघर्ष को खत्म करने के लिए ईरान को अमेरिका के साथ किसी समझौते की आवश्यकता नहीं है. राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान से अमेरिका के रुख में बदलाव का संकेत मिलता है.**



ओवल ऑफिस से बोलते हुए ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी सैन्य अभियान के प्रमुख लक्ष्य काफी हद तक हासिल कर लिए गए हैं. उन्होंने कहा कि ईरान की सैन्य क्षमता को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है और उसे दोबारा खड़ा होने में 15 से 20 साल लग सकते हैं. उनके अनुसार, ईरान की नौसैनिक, वायु और वायु-रोधी क्षमताओं के साथ-साथ दूरसंचार ढांचे को भी भारी क्षति पहुंची है.

> ईरान ने बहरीन में अमेरिकी कंपनी अमेजन वेब सर्विस के एक डेटा सेंटर पर हमला किया। हमले के बाद आग भड़क गई। इससे पहले बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी बताया था कि एक कंपनी की इमारत में आग लगी है, जिसे फायर ब्रिगेड की टीम बुझा रही थी। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने मिडिल ईस्ट में काम कर रही 18 अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाने की धमकी दी थी।

### भविष्यवाणी

### दुनिया और आपकी किस्मत में क्या होगा बदलाव?

# आज मंगल का मीन राशि में प्रवेश

**डॉ. आशुतोष उपाध्याय**

2 अप्रैल 2026 को ग्रहों की चाल एक बड़ा नाटकीय मोड़ लेने जा रही है. ऊर्जा, साहस और आक्रामकता का प्रतीक मंगल गहराई, भावनाओं और रहस्यों की राशि मीन में प्रवेश करेगा.

यह गोचर सिर्फ सामान्य नहीं है, यह वैसा है जैसे शांत झील में तपता हुआ लोहा डाल दिया जाए। परिणाम? उबाल, तनाव और अनिश्चितता. और इस उथल-पुथल को और बढ़ाएंगे शनि, जो पहले से ही मीन राशि में मौजूद हैं.

यह स्थिति बनाती है एक शक्तिशाली मंगल-शनि युति, जिसे ज्योतिष में 'ब्रेक और एक्सीलेटर एक साथ दबाना' कहा जाता है यानी आगे बढ़ने की तीव्र इच्छा, लेकिन रुकावटों की दीवार भी उतनी ही मजबूत.



> मीन राशि त्याग और समर्पण की राशि है, इसलिए इस समय सबसे अच्छा उपाय है- कर्म योग अपनाना, मेहनत करें, लेकिन परिणाम से जुड़ाव कम रखें.

**देश-दुनिया पर असर:-**

- वैश्विक स्तर पर बढ़ेगी हलचल.
- इस ग्रह स्थिति का प्रभाव सिर्फ व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहेगा, यह अंतरराष्ट्रीय घटनाओं को भी प्रभावित करेगा.
- **समुद्री तनाव बढ़ेंगे**- समुद्री सीमाओं, नौसैनिक गतिविधियों और व्यापारिक मार्गों को लेकर विवाद तेज हो सकते हैं.

(शेष पेज 12 पर)

#### उपाय

**मंगल की उग्रता को कैसे शांत करें?**

- मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करें
- मसूर दाल का दान करें
- ध्यान और योग से मन को शांत रखें

#### राशियों पर प्रभाव

**मेष:-** छुपी हुई बेचैनी बढ़ सकती है. खर्च और अचानक यात्राएं संभव हैं. आध्यात्मिकता में लाभ मिलेगा, लेकिन कानूनी मामलों से दूर रहें.

**वृषभ:-** धन लाभ के अवसर आएंगे, लेकिन मेहनत और धैर्य जरूरी होगा. गलत निवेश से बचें.

**मिथुन:-** कॅरियर में जबरदस्त ऊर्जा मिलेगी, पर बॉस से टकराव हो सकता है. स्मार्ट रणनीति अपनाएं.

**कर्क:-** धार्मिक यात्रा या विचारों को लेकर जोश बढ़ेगा. पिता या गुरु से बहस से बचें.

**सिंह:-** सावधानी जरूरी है. जोखिम भरे फैसलों से बचें. अचानक लाभ भी हो सकता है.

**कन्या:-** रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है. पार्टनर के साथ समझदारी से काम लें.

**तुला:-** दुश्मनों पर जीत मिलेगी. स्वास्थ्य का ध्यान रखें, खासकर पाचन संबंधी समस्याओं पर.

**वृश्चिक:-** क्रिएटिविटी बढ़ेगी, लेकिन रिश्तों में पजेसिवनेस से बचें.

**धनु:-** घर का माहौल थोड़ा अशांत हो सकता है. प्रॉपर्टी डील में जल्दबाजी न करें.

**मकर:-** आत्मविश्वास और साहस चरम पर होंगे, लेकिन शब्दों पर नियंत्रण रखें.

**कुंभ:-** कमाई के मौके बढ़ेंगे, लेकिन खर्च भी उतना ही तेजी से होगा.

**मीन:-** सबसे ज्यादा प्रभाव आप पर पड़ेगा. ऊर्जा बहुत होगी, लेकिन काम में रुकावट महसूस होगी. धैर्य रखें.

## 600 करोड़ की साइबर ठगी के मामले में उद्योगपति गिरफ्तार

**कोलकाता, 01 अप्रैल.** 600 करोड़ रुपये के साइबर ठगी मामले में बंगाल पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने उद्योगपति पवन रूइया को गिरफ्तार कर लिया है. न्यू टाउन के एक होटल के सामने से उन्हें गिरफ्तार किया गया. यह गिरफ्तारी 2024 में विधाननगर के इको पार्क थाने में स्वपन कुमार मंडल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई है. पुलिस के अनुसार, देशभर में हुई विभिन्न ऑनलाइन ठगी की रकम उद्योगपति रूइया और उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में जमा की गई थी. जांच के दौरान साइबर विशेषज्ञों ने प्रारंभिक तौर पर 315 करोड़ रुपये के लेन-देन का पता लगाया था.

# अब अमरावती होगी आंध्र प्रदेश की राजधानी

**लोकसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया बिल**

**नई दिल्ली, 01 अप्रैल. अपनी राजधानी के लिए आंध्र प्रदेश का करीब 12 वर्ष लंबा इंतजार समाप्त हो गया है. आंध्र प्रदेश को अब अपनी राजधानी मिल गई है. अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी के रूप में कानूनी दर्जा देने से संबंधित बिल बुधवार को लोकसभा से पारित हो गया.**

आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) बिल, 2026 लोकसभा ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया है. सत्तापक्ष के साथ ही विपक्षी दलों ने भी इस बिल का समर्थन किया. यह बिल गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने पेश किया था. इस बिल का समर्थन करते हुए कांग्रेस सांसद मणिक्कम टैगोर ने कहा कि अमरावती एक कैपिटल नहीं, करोड़ों लोगों की आकांक्षा है. इस बिल पर लोकसभा में करीब दो घंटे तक चर्चा हुई. विपक्षी समाजवादी पार्टी और अन्य दलों के सदस्यों ने भी बिल का समर्थन किया और अपनी जमीन देने वाले किसानों को भरपूर मुआवजा देने की मांग की. इस बिल पर चर्चा में सत्तापक्ष और विपक्ष के 13 सदस्यों ने हिस्सा लिया. ध्वनिमत से मतदान के दौरान इस बिल का किसी भी सदस्य ने विरोध नहीं किया.